तापमान
अधिकतम 33.2 डिग्री
न्यूनतम 26.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, मंगलवार 01 अक्टूबर 2024

एमबीबीएस के नवप्रवेशियों के बांड समाप्ति पर विचार... 10



पोषण साहू की कविता संग्रह... 10





## खबर संक्षेप

### गांधी जयंती पर नही मिलेगी शराब

**महासमुंद।** राज्य शासन द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए गांधी जयंती के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने गांधी जयंती पर जिले की समस्त देशी, विदेशी, कंपोजिट, प्रीमियम मदिरा की फुटकर दुकानों, एफएल-3 सपना बार एंड रेस्टोरेंट महासमुंद, देशी मदिरा भंडारण भांडागार महासमुंद तथा देशी, विदेशी, कंपोजिट आहातों को बंद रखने आदेशित किया है।

### नयापारा इलाके के नलों में नहीं आ रहा पानी

**महासमुंद।** नयापारा क्षेत्र के वार्ड नं 7 व 8 के नलों में पिछले 15 दिनों से पानी नहीं आ रहा है। वार्ड नं. 8 के मनीष कुमार दुबे ने बताया कि बारिश के मौसम में भी लोगों को गर्मियों की तरह पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। नल अगर आता भी है तो नाममात्र का पानी ही मिल पाता है। उन्होंने कहा कि नगर पालिका द्वारा इसे लेकर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

### अवैध महुआ शराब के साथ पकड़े गए दो लोग

**महासमुंद।** बसना थाना पुलिस ने अवैध महुआ शराब के साथ दो लोगों को पकड़ा है। पुलिस ने बताया है कि ग्राम गढफुलझर से छोटेपटनी जाने का रास्ता रोड किनारे पर से आरोपी कार्तिक राम सतनामी पिता गिरधारी सतनामी (19 साल) निवासी जटेसीरा थाना जगदलपुर, जिला बरगढ (ओडिशा) के कब्जे से 2 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 400 रुपए के साथ एवं आरोपी राम कुमार भोई पिता बेलाल भोई (32 साल) निवासी खवासपाली को ग्राम कर्राभौना धनापाली मेंन रोड के पास से 2 लीटर अवैध देशी महुआ शराब कीमत 400 रुपए जब्त किया गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों विरुद्ध अपराध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।



### महिला के साथ मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** पिथौरा थाना क्षेत्र के ग्राम लहरौद पड़ाव में किराए के मकान में रह रही महिला के साथ मारपीट करने पर दो लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थिया सोनम रामटेके निवासी बेलतरोडी जिला नागपुर महाराष्ट्र निवासी ने पुलिस को बताया है कि शुक्रवार रात करीब 12 से 1 बजे के मध्य लहरौद पडाव निवासी विजय जायसवाल, रूहिता सिन्हा द्वारा गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देकर मारपीट की गई। पुलिस ने प्रार्थिया की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ अपराध धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

# अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी ने किया जिला जेल का निरीक्षण, ठीक मिली व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

हाईकोर्ट के आदेश के तहत बंदियों को दी जाने वाली विधिक सहायता, जेल में स्थापित व्हीसी कक्ष, बैरकों की व्यवस्था, जेल बिल्डिंग की व्यवस्था, बंदियों को प्रदत्त सुविधा, टायलेट की अवस्था, भोजन की गुणवत्ता, मनोरंजन के साधन, बंदियों के कपड़ों की दशा, पेयजल की व्यवस्था के साथ-साथ बंदियों को दी जा रही प्राथमिक चिकित्सा व्यवस्था आदि का जायजा लेने सोमवार को अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी बेमचा स्थित जिला जेल पहुंचे और निरीक्षण किया।

कमेटी के सदस्यों द्वारा समस्त बैरकों में जाकर बंदियों की समस्या संबंधी जानकारी ली गई, जिसमें विधिक, खान-पान, स्वास्थ्य संबंधी, जेल सुरक्षा आदि शामिल है। जिसमें कमेटी ने जेल की संपूर्ण व्यवस्था को ठीक पाया।

कमेटी द्वारा प्रमुख रूप से जेल विस्तारीकरण के लिए जमीन हस्तांतरण, नए बैरकों के निर्माण, आधुनिक वीडियो कांफ्रेसिंग रूम, आधुनिक मुलाकात कक्ष, बंदियों के कौशल विकास के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था, सरायपाली में 300 की क्षमता के उप जेल निर्माण के संबंध में भूमि हस्तांतरण एवं जेल निर्माण संबंधी प्रस्ताव पर चर्चा की।

निरीक्षण उपरांत हाईकोर्ट द्वारा प्रदत्त निर्देशानुसार स्टे्टस रिपोर्ट जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महासमुंद द्वारा प्रस्तुत की जाएगी।

जेल के निरीक्षण के दौरान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया, कलेक्टर महासमुंद विनय कुमार लंगेह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट चित्रलेखा सोनवानी, अतिरिक्त कलेक्टर रवि साहू, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिभा पांडेय, सीएमएचओ महासमुंद, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव दामोदर प्रसाद चंद्रा, एसडीएम महासमुंद हरिशंकर पैकरा, डा छत्रपाल, सहायक जेल अधीक्षक मुकेश प्रसाद कुशवाहा एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

**भोजन व्यवस्था सहित चिकित्सकीय सुविधाओं का लिया जायजा**



## घटना : शव की अब तक नहीं हो पाई है पहचान, मामला दर्ज

# तालाब में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव हत्या की आशंका, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम घोड़ारी में पुराने पुल के पास तालाब में शव मिला। शव की अब तक पहचान नहीं हो पाई है। दूसरे जिले में हत्या करने के बाद पहचान छिपाने के लिए लाश को नदी किनारे स्थित तालाब में फेंकने की आशंका है। पुलिस ने फिलहाल अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना कर रही है।

मृतक की उम्र करीब 35 से 40 वर्ष बताई गई है जो, मरुन (कत्था) रंग का टी शर्ट एवं काले रंग का हाफ पैंट पहना हुआ है। हांथ में ईगल टैटु बना है तथा आकाश लिखा हुआ है। युवक की लाश स्कार्फ से बंधा हुआ था। ग्रामीणों ने इसकी सूचना महासमुंद थाने में दी। युवक की शिनाख्त के लिए आसपास के अलावा रायपुर,



गरियाबंद, बलौदाबाजार, बेमेतरा, रायगढ़, जांजगीर चांपा, भिलाई समेत सभी थानों में फोटो भेजा गया है।

जिस थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है, वहां के थाना में सूचना दी गई है। युवक आसपास के गांव का नहीं लग रहा है। नेशनल हाईवे होने व सूनसान मिलने पर लाश को फेंककर भागने की संभावना पुलिस जता रही है। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना कर रही है।

### लाश को फेंकने की आशंका

टीआई शरद दुबे ने बताया है कि ग्राम घोड़ारी नेशनल हाईवे से लगा हुआ है। नदी किनारे अक्सर लोग घूमने पहुंचते हैं। आशंका है कि हत्या दूसरी जगह की गई है। उसके बाद लाश को नदी किनारे तालाब में फेंका गया है। सुनसान होने से ग्रामीणों को भनक नहीं लग पाई। रात के अंधेरे में लाश को ट्रक, माजदा या पिकअप में लाने की आशंका जताई जा रही है। चालकों से पूछताछ की जा रही है।

## गुरुद्वारे की दान पेटी से नगदी की चोरी, सीसीटीवी में कैद अज्ञात

**महासमुंद।** बागबाहरा थाना क्षेत्र में एक बार फिर से चोरों ने धार्मिक स्थल पर धावा बोला है। इस बार बागबाहरा शहर के वार्ड नंबर 9 स्थित गुरुसिंघ सभा गुरुद्वारा में रखी दानपेटी से एक लाख रुपए से अधिक नगदी की चोरी कर फरार हो गए। चोरी की वारदात को अंजाम देकर बाहर निकल रहे एक व्यक्ति सीसीटीवी कैमरा में कैद हो गया है। सीसीटीवी कैमरा के मुताबिक घटना बीती रात की बताई जा रही। इससे पूर्व भी घुंचापाली स्थित चंडी मंदिर में कीमती सामान एवं नगदी रकम की चोरी की वारदात घटित हो चुकी है।

जानकारी के मुताबिक जिले के बागबाहरा शहर स्थित गुरुद्वारे से बीती रात दो दान पेटी में रखे नगदी रकम को लेकर फरार हो गया। गुरुद्वारे में बिखरे सामानों को देखकर लगता है कि चोरों ने पूरे इत्मिनान से चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोरों को पहले से ही पता था कि रात के वक्त गुरुद्वारा में कोई नहीं रहता और किसी के आने की उम्मीद भी नहीं है। लेकिन, बाजू के दुकान में लगी सीसीटीवी कैमरा में चोरी कर बाहर निकल रहे व्यक्ति की फुटेज कैद हो गई। इसी आधार पर पुलिस जांच में जुट गई है। लेकिन, शाम तक पुलिस को किसी प्रकार के सुराग का पता नहीं चल पाया था। गुरुद्वारा प्रबंधक ने बताया कि पिछले एक साल से दान पेटी को खोला नहीं गया था। बहरहाल, गुरुद्वारे में बीती रात हुई चोरी में बागबाहरा पुलिस और साइबर सेल की टीम आसपास की सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।





### कैमरा में कैद, बावजूद सुराग नहीं

बता दें कि महासमुंद जिले में लगातार अज्ञात चोरों द्वारा मंदिरों और गुरुद्वारे को अपना निशाना बना रहे हैं। पुलिस जिले में चोरी के मामलों का खुलासा करने में अब तक असफल साबित हुई है। इससे पूर्व चंडी मंदिर घुंचापाली में दान पेटी का ताला तोड़कर कीमती सामान एवं लाखों रुपए की चोरी कर ली गई थी। चंडी मंदिर में हुई चोरी की वारदात भी सीसीटीवी कैमरा में दिख रहा है। इसके बावजूद पुलिस अब तक चोरों का पता लगा नहीं पाई है।

# कलेक्टर ने दिया करणीकृपा पॉवर प्लांट प्रबंधन को कारण बताओ नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

■ तीन दिनों में स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं तो होगी दंडात्मक कार्रवाई

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी विनय लंगेह ने प्रबंधन कारखाना, मेसर्स करणीकृपा पावर प्लांट, खैरझिटी तहसील व महासमुंद को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

उन्होंने नोटिस में कहा है कि 8 सितंबर 2024 को दुर्घटना घटित होने से 03 मजदूर गंभीर रूप से घायल हुए थे तथा दो श्रमिकों की इलाज के दौरान क्रमशः दिनांक 12 सितंबर 2024 को भारत वर्मा एवं 14 सितंबर 2024 को खिलेश्वर साहू की मृत्यु हो गई। जिसकी सूचना प्लांट प्रबंधन द्वारा जिला प्रशासन को नहीं दी गई थी। जबकि छग कारखाना नियमावली, 1962 के नियम 108 (2) के अनुसार यदि किसी कारखाने में कोई ऐसी दुर्घटना या अनुसूची में विनिर्दिष्ट की गई कोई ऐसी खतरनाक घटना हो जाए, जिसके परिणाम स्वरूप किसी व्यक्ति की मृत्यु हो जाए या किसी व्यक्ति को ऐसी क्षति पहुंचे जिसके परिणाम स्वरूप उसकी मृत्यु होने की संभावना हो तो, उसकी सूचना कारखाने के प्रबंधक द्वारा जिला मजिस्ट्रेट, उपखंडीय अधिकारी एवं निकटतम थाने के पुलिस अधिकारी को दिए जाने का प्रावधान है। उक्त दुर्घटना की जानकारी 22 सितंबर 2024 को सोशल मीडिया एवं अखबारों में उक्ताशय की खबर प्रकाशित होने पर जिला प्रशासन को प्राप्त हुई। नोटिस में कहा गया है कि प्लांट प्रबंधन द्वारा तीन दिनों में स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं किया गया तो उसके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### कारखानों की जांच के लिए संयुक्त टीम का गठन

**महासमुंद।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी विनय लंगेह ने छग शासन, मंत्रालय, आवास एवं पर्यावरण विभाग, महानदी भवन के निर्देशानुसार जिले में स्थित वृहद उद्योगों, खतरनाक उद्योग, निर्माणाधीन प्रोजेक्ट में व माइंस में खनिजों का परिवहन करने वाले वाहनों तारपोलिन/उपयुक्त सामग्री से सही तरीके से नहीं ढंके नहीं होने के कारण वायु प्रदूषण की स्थिति निर्मित होती है। जिसकी जांच हेतु निर्देशित किया गया है। इसके अतिरिक्त जिले में कई वृहद उद्योग स्थापित हैं जिनमें विनिर्माण तथा माईनिंग का कार्य किया जा रहा है। नियमों का पालन एवं निगरानी हेतु जिला स्तरीय संयुक्त टीम का गठन निम्नानुसार किया गया है। जिसमें महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, खनिज अधिकारी, सहायक संचालक, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, श्रम पदाधिकारी,परिवहन अधिकारी, क्षेत्रीय अधिकारी, पर्यावरण संरक्षण मंडल रायपुर और निरीक्षक, नापतौल विभाग शामिल है। जिला स्तरीय गठित संयुक्त टीम द्वारा उपरोक्त का अभिसरण करते हुए जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने आदेशित किया गया है।

## शिविर में प्राप्त आवेदनों का समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने दिए निर्देश


**महासमुंद।** जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन पिथौरा विकासखंड के दूरस्थ ग्राम भुरकोनी में आयोजित किया गया। यहां कलेक्टर विनय लंगेह सहित जनप्रतिनिधिगण शिविर में मौजूद रहे। शिविर में भुरकोनी सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे। उपस्थित ग्रामीणों के बीच जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभाग में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर सुपोषण एवं स्वच्छता अभियान की शपथ लिया गया। शिविर में कुल 439 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से 319 आवेदन मौके पर ही निराकरण किया गया। हायर सेकंडरी स्कूल भुरकोनी में कलेक्टर और जनप्रतिनिधियों द्वारा सरस्वती सायकल अंतर्गत 64 बालिकाओं को सायकल वितरण, पांच हितग्राही को आयुष्मान कार्ड, 02 को सिकलिंग और एक हितग्राही को विकलांग प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इसी प्रकार दो किसानों को ऋण पुस्तिका, दो हितग्राही को वनभूमि पट्टा और दो ग्राम पंचायत सुहागपुर और अमलीडीह को वनभूमि का सामूहिक पट्टा, 76 हितग्राही को राशन कार्ड प्रदान किया गया। कलेक्टर लंगेह ने रिवाल्विंग फंड स्व सहायता समूह के तहत 20 समूहों को प्रमाण पत्र एवं लखपति दीदियों को सम्मान प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इसके साथ ही बैंक लिंकेज के माध्यम से पांच महिला समूह ग्राम बुंदेली जय घासीदास महिला स्व सहायता समूह, ग्राम विराटपाली जय मां चंडी स्व सहायता समूह, ग्राम चौकबेड़ा जय मां शीतला स्व सहायता समूह, ग्राम बुंदेली जय मां दुर्गा स्व सहायता समूह, ग्राम छिंदौली सरस्वती महिला स्व सहायता समूह को डेढ़ डेढ़ लाख का चेक प्रदान किया।

# सर्व पितृ अमावस्या पर बन रहा सर्वार्थ सिद्धि योग, कल होंगे पितर विदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

सर्व पितृ अमावस्या पितृ पक्ष या श्राद्ध पक्ष का अंतिम दिन होता है। । हर साल अश्विन कृष्ण अमावस्या तिथि को सर्व पितृ अमावस्या मनाते हैं। इस बार 2 अक्टूबर बुधवार को सर्व पितृ अमावस्या के दिन सर्वार्थ सिद्धि योग बन रहा है। इस दिन उन सभी पितरों के लिए तर्पण, पिंडदान, श्राद्ध आदि करते हैं, जिनका निधन अमावस्या और पूर्णिमा तिथि को हुआ हो। इसके अलावा उन सभी पितरों का भी श्राद्ध करते हैं, जिनकी मृत्यु की तिथि पता नहीं होती ।

ज्योतिषाचार्य की मानें तो सनातन धर्म में सर्वपितृ अमावस्या बेहद महत्वपूर्ण मानी जाती है। सर्वपितृ अमावस्या में पितरों के श्राद्ध-तर्पण, पिंडदान का विधान है। पिंडदान ही ऐसा कर्म है, जिसे सविधि करके प्राणी अपने माता-पिता, दादा-दादी, नाना-नानी, भाई, पुत्र आदि बंधु-बांधवों को भी मोक्ष दिला सकता है। सर्व पितृ अमावस्या के दिन के अनुसार पीपल में श्रीहरि और पितरों का पीपल के पेड़ को जल से सींचना चाहिए और पूजन करना चाहिए, इससे पितृ दोष समाप्त होता है। श्राद्धकर्म भी नदी के तट और पीपल के नीचे करना श्रेष्ठ माना जाता है। इससे पूर्वज



जल-अन्न आसानी से ग्रहण कर पाते हैं। घर में क्लेश हो रहा हो, सुख-शांति छिन गई हो, तो बृहस्पति की शांति के लिए पितृ पक्ष में पीपल की लकड़ी से हवन करना चाहिए। इससे घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार बढ़ता है। साथ ही पितृ पक्ष में पौधे लगाने से पितृदोष निवारण में सहायता मिलती है। पौराणिक मान्यता के अनुसार पीपल, बेल, तुलसी आदि पौधों में भगवान विष्णु और अन्य देवों का वास होता है।

### सूतक काल मान्य नहीं होगा

ज्योतिषाचार्य पं. वैष्णव ने बताया कि इस साल के भी आखिरी सूर्यग्रहण की शुरुआत 1 अक्टूबर, मंगलवार रात 9 बजकर 40 मिनट पर, समाप्ति 2 अक्टूबर बुधवार को सुबह 3 बजकर 17 मिनट पर होगी। सर्वपितृ अमावस्या पर लगने वाला वलयाकार सूर्य ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा इसलिए इस ग्रहण का सूतक काल मान्य नहीं होगा। ऐसे में बिना संशय के इस दिन श्राद्ध कर्म किया जा सकता है।

### सर्व पितृ अमावस्या तिथि प्रारंभ-समापन

ज्योतिषाचार्यो के अनुसार इस साल सर्व पितृ अमावस्या तिथि का प्रारंभ 1 अक्टूबर, मंगलवार, रात 9 बजकर 39 मिनट से सर्व पितृ अमावस्या तिथि का समापन 2 अक्टूबर, बुधवार, देर रात 12 बजकर 18 मिनट पर होगा। सर्वार्थ सिद्धि योगः दोपहर 12 बजकर 23 मिनट से 3 अक्टूबर को सुबह 6 बजकर 15 मिनट तक। श्राद्ध का समय सुबह 11 बजकर 30 मिनट से 3 बजकर 30 मिनट तक रहेगा ।

## धान की फसल के लिए बारिश रही कारगार, मानसून की विदाई 15 तक

# विदाई के अंतिम दौर में झमाझम बारिश भी हुई बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

मानूसन की विदाई शुरू हो गई है। सीजन के अंतिम सप्ताह में हुई झमाझम बारिश धान की फसलों के लिए वरदान साबित हुआ है। हालांकि, जिले में अब तक हुई बारिश औसत से थोड़ी कम रहीं है। बावजूद, फसलों के लिए जरूरत के वक्त बारिश होने से जिले में इस बार धान की बंपर पैदावार होने की उम्मीद है।

मानसून सीजन एक जून से 30 सितंबर तक माना जाता है। लेकिन, पूर्ण रूप से विदाई 15 अक्टूबर तक हो सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक पिछले साल यानी वर्ष 2023 में मानसून की विदाई 14 अक्टूबर तक हुई थी। इस बार जून-जुलाई में जब मानसून की शुरूआत हुई तो एक सप्ताह देरी से आई। इसलिए आगामी कुछ दिन और बारिश के आकड़े दर्ज किए जाएंगे। वैसे सीजन के अंतिम दौर में अच्छी खासी बारिश हुई। किसानों को इस बारिश का लंबे समय से इंतजार था। इसलिए कि खेतों में धान की फसल में बीज अंकुरण होने लगे हैं और उसे पकने के लिए पर्याप्त पानी चाहिए। इस बारिश से धान की फसल के लिए काफी फायदेमंद साबित होगा। लेकिन, दो दिनों से बारिश नहीं होने से उमस व गर्मी बढ़ गई है, जिससे लोग परेशान है। बता दें कि जिले में 1.47 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में धान की फसल ली गई है।



### जलाशयों में सुधरा जलभराव

सीजन के अंतिम दौर के सप्ताह के भीतर कुल 105.6 मिमी बारिश दर्ज की गई है, जिससे जलाशयों में जलभराव की स्थिति में काफी सुधार आया है। कोडार जलाशय में 56 प्रतिशत जलभराव है। यहां से खेतों में सिंचाई के लिए पानी दिया जा रहा है। इससे इस जलाशय का जलस्तर लगातार कम हो रहा था। वहीं, केशवा जलाशय में फिलहाल 31 फीट जलभराव हो पाया है और बीते एक माह से सिंचाई के लिए रोजाना 3.75 क्यूमैक्स पानी छोड़ा जा रहा है।

### भूरा माहो से परेशान किसान

बीते कुछ दिनों से कुछ देर तक जमकर बारिश होने के बाद तेज धूप निकलने से उमस भी ज्यादा है। इसका कारण आम लोगो के साथ ही किसान को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। फसलों पर कीट प्रकोप लगने का खतरा बढ़ गया है। ज्यादतर किसान भूरा माहो से परेशान है। अब धान की फसल में बालियां आना शुरू हो चुका है। ऐसे में अपनी फसल को बचाने किसान बड़ी तदाद में कीटनाशकों का छिड़काव करने लगे हुए हैं।

# ग्राम विकास समिति सचिव को फोन पर धमकाने वाले के खिलाफ अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ग्राम विकास समिति के सचिव को धमकाने वाले युवक के खिलाफ पुलिस ने अपराध दर्ज करते हुए मामले को विवेचना में लिया है। तुमगांव थाना पुलिस ने ग्राम विकास समिति के सचिव को एक व्यक्ति द्वारा मोबाइल कॉल कर जाति सूचक गाली गलौज एवं अपहरण कराने की धमकी देने के मामले में रिपोर्ट दर्ज किया है।

प्रार्थी गोपी ध्रुव पिता घनश्याम ध्रुव (30 वर्ष) सिरपुर निवासी ने पुलिस को बताया कि वह ग्राम विकास समिति सिरपुर का सचिव पद पर है।

बुधवार को मध्य रात्रि में 12.25 बजे दो हाईवा को रोका गया, जिसके ड्रायवर से रॉयल्टी पूछा गया, जिस पर ड्रायवर ने रायल्टी नहीं होना बताया। इसके बाद वाहन को सिरपुर सिरपुर चौकी लाया गया। इसी दौरान माईनिंग विभाग द्वारा 8 गाडियों को जब्त किया गया। सुबह लगभग 11.15 बजे मोबाईल में सौरभ चंद्राकर उर्फ हनी चंद्राकर ने फोन करते हुए प्रार्थी को गाली गलौज एवं जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामले कि शिकायत पर आरोपी शख्स पर धारा 296, 351(1), 351(4) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

**पाठक सूचना**

हरिभूमि

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

## खबर संक्षेप

### सुंदरकांड व हनुमान चालीसा पाठ आज

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी स्थित रामजानकी मंदिर में 1 सितंबर मंगलवार को हनुमान मंदिर में दोपहर 1 बजे सामूहिक सुंदरकांड व हनुमान चालीसा पाठ के साथ हनुमानजी का अभिषेक का आयोजन रखा गया है। भक्तों द्वारा चोला लगाया जाएगा। शाम 7 बजे महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा। आयोजक समिति ने धर्म संस्कृति कल्याण में सहभागी बनने की अपील की है। इस अवसर पर सनातन वैदिक धर्म समिति के सदस्य व ग्रामीण उपस्थित होंगे।

### चित्रकला एवं लेखन स्पर्धा का आयोजन

**सरायपाली।** अखिल भारतीय नागरिक विकास मंच महाराष्ट्र के तत्वाधान में स्थानीय प्रतिभा पब्लिक स्कूल बालसी में अखिल भारतीय स्तर पर चित्रकला एवं लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। प्रतिस्पर्धी विद्यार्थियों में कक्षा तीसरी से साक्षी वर्मा तथा कक्षा चौथी से डिगेंद्र अग्रवाल ने चित्रकला में क्रमशः अपने-अपने स्तर पर प्रथम स्थान अर्जित किया, जबकि लेखन प्रतियोगिता में आठवीं में अध्यनरत मुस्कान अग्रवाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया प्राचार्य नरहरि पटनायक ने सभी विजई प्रतिभागियों का सम्मान प्रार्थना सभा में प्रशस्ति पत्र, तथा मेडल प्रदान कर किया विद्यार्थियों की इस उपलब्धि में कला एवं संगीत शिक्षक श्यामचरण कंवर का मार्गदर्शन महत्वपूर्ण रहा।

### सराईपाली में शिक्षक रत्न सम्मान हुआ

**महासमुंद।** शासकीय प्राथमिक शाला सिंघी विकासखंड महासमुंद के प्रधान पाठक पीतांबर राव पाठक को राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़ शिक्षक रत्न सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया। छग लोक हरित सृजन धारा के तत्वावधान में सिमरन पैलेस सराईपाली में राज्य स्तरीय छग शिक्षक रत्न सम्मान का भव्य आयोजन हुआ. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चातुरी डिग्री लाल नंद विधायक सराईपाली, अध्यक्षता कुमारी भास्कर अध्यक्ष जनपद पंचायत, विशिष्ट अतिथि चंद्र कुमार पटेल अध्यक्ष नगर पालिका सराईपाली, विशिष्ट अतिथि स्वर्ण सिंह आहूजा पार्षद, रोमी सलूजा पत्रकार उपस्थित थे। उद्बोधन में अतिथियों ने कहा कि गुरुओं का सम्मान करना बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है। प्रदेश के उत्कृष्ट शिक्षक हमारे नगर सराईपाली में यह बड़ा आयोजन किए हैं उसके लिए समिति के सभी कार्यकर्ता को धन्यवाद देते है। इस कार्यक्रम में बस्तर, दंतेवाड़ा, सरगुजा, अंबिकापुर, रायगढ़, बिलासपुर, जांजगीर चांपा, सक्ती, सारंगढ़, बलौदाबाजार भाटापारा, रायपुर, भिलाई, दुर्ग, गरियाबंद, कबीरधाम, सुकमा एवं अन्य जिलों से 110 उत्कृष्ट शिक्षकों को छत्तीसगढ़ शिक्षक रत्न 2024 से सम्मानित किया गया। जिसमें प्रत्येक शिक्षक को स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र, पौधा देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम को सफल करने में छत्तीसगढ़ लोक हरित सृजनधारा के पदाधिकारियों का सहयोग रहा।

**शिक्षा : अब अध्ययन अवकाश 3 वर्षों का होगा, स्वास्थ्य मंत्री से चर्चा**

# एमबीबीएस के नवप्रवेशियों की बांड समाप्ति पर विचार करेगी सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निवास पर उनके साथ भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ विमल चोपड़ा, आईएमए प्रदेश अध्यक्ष डॉ विनोद तिवारी, डॉ सुरेंद्र शुक्ला, डॉ कमलेश्वर अग्रवाल, डॉ अशोक त्रिपाठी, डॉ प्रशांत द्विवेदी (बिलासपुर), डॉ प्रेम चौधरी की चिकित्सा एवं स्वास्थ्य जगत के विभिन्न समस्याओं पर लगभग 3 घंटे की लंबी चर्चा हुई, इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के प्रिंसिपल सेक्रेटरी भी उपस्थित रहे। शासकीय सेवा के दौरान स्नातकोत्तर की पढ़ाई करने वालों को पिछली कांग्रेस की सरकार ने 3 वर्ष के कोर्स के दौरान दो वर्ष का अवकाश स्वीकृत करने के अविवेक पूर्ण निर्णय को खारिज करते हुए उनका अध्ययन अवकाश सवैतनिक तीन वर्ष करने का तत्काल आदेश दिया जिस पर सभी लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त की, वहीं जो स्नातक शासकीय सेवक नीट की परीक्षा देना चाहते हैं उन्हें अनापत्ति प्रमाण पत्र ऑनलाइन करने एवं एक माह के भीतर निर्णय लेने की कार्यवाही का निर्देश मंत्री द्वारा सचिव को दिया गया।

चर्चा का प्रारंभ आयुष्मान भारत योजना से प्रारंभ हुई जिसमें इसे



इंश्योरेंस कंपनी को सौंपने की सरकार की तैयारी का विरोध करते हुए सभी ने मंत्री से अनुरोध किया कि इसे ट्रस्ट मोड में ही चलने दिया जाए एवं सरकार के साथ आईएमए एवं चिकित्सा प्रकोष्ठ सुधार हेतु सहयोग को तैयार हैं एवं इस योजना के अंतर्गत सरकार एवं डॉक्टर की शिकायत हल करने हेतु विस्तृत चर्चा की जाए। एक चिकित्सक को मात्र दो अस्पतालों में आयुष्मान भारत योजना एवं पी एंड डीटी एक्ट के अंतर्गत जाने की बाध्यता समाप्त कर, क्षमता अनुसार डॉक्टर को अस्पतालों में जाने की अनुमति देने की मांग पर स्वास्थ्य मंत्री ने अध्ययन कर इस समस्या के हल का आश्वासन दिया। नर्सिंग होम एक्ट में 30 बिस्तरों के अस्पताल को छूट हेतु रखी गई मांग पर सहमति व्यक्त करते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने इस आदेश को शीघ्र जारी करने की बात कही, वहीं पर्यावरण, फायर फाइटिंग एवं अन्य के लिए सिंगल विंडो करने का आश्वासन इसके अध्ययन पश्चात करने का दिया।

एमबीबीएस एवं स्नातकोत्तर के छात्रों के दो - दो वर्ष के बॉन्ड को समाप्त करने की चर्चा के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने अगले वर्ष से एमबीबीएस में आने वाले छात्रों को बांड से मुक्त करने की चर्चा आगे करने का ठोस आश्वासन दिया। रूरल बॉन्ड में प्रशासन द्वारा छात्रों को नियुक्ति देने में की जाने वाली लेट - लतीफी के कारण छात्रों के जीवन के अनेक माह बर्बाद होने पर मंत्री ने कहा कि अब एक माह के भीतर इन्हें नियुक्ति दे दी जाएगी अन्यथा की स्थिति में देरी का समय उनके बॉन्ड पीरियड में समाहित किया जाएगा। अनेक प्राइवेट मेडिकल कॉलेज में स्नातकोत्तर छात्रों को स्टायपंड न देने पर स्वास्थ्य मंत्री ने कड़ा रुख अपनाते हुए इस पर सचिव को तत्काल कार्रवाई करने का आदेश दिया। स्वास्थ्य मंत्री एवं चिकित्सकों के मध्य विभिन्न समस्याओं को लेकर बीच - बीच में चर्चा हेतु एक सलाहकार समिति के गठन पर मंत्री द्वारा सहमति व्यक्त करते हुए इसकी प्रक्रिया को आगे बढ़ने का आश्वासन दिया गया। एडहाक में अनेक वर्षों से कार्य कर रहे चिकित्सकों को नियमित करने की चर्चा के दौरान मंत्री ने सहानुभूति पूर्वक विचार की बात कही। डॉक्टर प्रोटेक्शन एक्ट पर केंद्र की तहत कानून बनाने पर समिति ने सहमति व्यक्त की। पुराने चिकित्सा महाविद्यालय को, छात्रावासों का निरीक्षण कर इनमें सुधार या नवनिर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ करने पर मंत्री ने सचिव को निर्देशित किया एवं रायपुर चिकित्सा महाविद्यालय को, कन्या छात्रावास में चूहे के आतंक को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच कर निराकरण का आदेश दिया। बायोमेडिकल वेस्ट में इस कंपनी की मनमानी एवं आने वाली कठिनाइयों पर विस्तृत चर्चा के दौरान आईएमए ने केरल मॉडल की तरह इसे छत्तीसगढ़ में भी आईएमए को सौंपने की मांग रखी जिस पर मंत्री एवं सचिव ने सहमति व्यक्त करते हुए प्रस्ताव देने की बात कही। चर्चा के अंत में भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ विमल चोपड़ा ने मंत्री मान श्याम बिहारी जायसवाल का आभार व्यक्त करते हुए कहा की पहली बार किसी मंत्री ने चिकित्सा क्षेत्र की समस्याओं को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में इतनी लंबी चर्चा करते हुए अनेक निर्णय तत्काल लिए जिसके लिए उनका आभार एवं धन्यवाद है एवं भविष्य में भी चिकित्सा जगत को उनसे ऐसी ही अपेक्षा है।



### श्रम विभाग से सामान वितरित नहीं किए जाने की शिकायत

**महासमुंद।** श्रम विभाग के सामानों के वितरित न होने के चलते सोमवार सुबह श्रम मित्रों ने पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ विमल चोपड़ा से मिलकर अपनी समस्या बताई। श्रम मित्रों ने कहा कि पिछले कांग्रेस शासन के समय से लोगों को उनका श्रम विभाग से प्रदान किए जाने वाले सहायता उपकरण, साइकिल, सिलाई मशीन, औजार और भी कई सामान लोगों को वितरित नहीं किया गया है। वितरण समारोह आयोजित न करने के वजह से लोग श्रम विभाग द्वारा दिए जाने वाले सहायता सामानों से वंचित है। समस्या सुनने के बाद पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ विमल चोपड़ा ने कहा कि कांग्रेस सरकार में पूरे छत्तीसगढ़ के श्रमिक, मजदूर वर्ग श्रम विभाग के योजनाओं और उनके लाभ से वंचित रहे, जिसके कारण सभी सामान लोगों तक नहीं पहुंच सका। परन्तु अब प्रदेश में भाजपा की सरकार है। भाजपा सरकार ने मजदूर और श्रमिक वर्ग के लिए पुनः योजनाओं को प्रारंभ कर दिया है। जिससे लोग श्रम विभाग की योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं। डॉ चोपड़ा ने आगे कहा कि श्रम विभाग के अधिकारियों को सभी क्षेत्रों के जनप्रतिनिधियों के साथ श्रम विभाग द्वारा प्रदान किए जाने वाले सहायता सामानों को जल्द से जल्द वितरण समारोह आयोजित कर सभी लाभार्थियों को उनका सामान वितरित करना चाहिए।

## अपराधों पर लगाम लगाने युवा कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

खल्लारी विधानसभा क्षेत्र में बढ़ते हुए अपराध, चोरी, डकैती, गुंडागर्दी, नशाखोरी को रोकने में विफल बागबाहरा थाना को आज शाम 5 बजे युवा कांग्रेस के खल्लारी विधानसभा के अध्यक्ष ताम्रध्वज छोटू बघेल के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया, पहले तो घर और दुकानदार ही चोरों से त्रस्त थे। लेकिन चंडी मंदिर, खल्लारी मंदिर के बात अब मेन रोड स्थित गुरुद्वारे में भी लाखों की चोरी हो गई। बिहाझर में 8 साल के मासूम को किडनैप कर लिया गया। आए दिन गुंडागर्दी और चाकूबाजी आम बात हो गई है। ज्ञापन में कहा गया है यदि 4 तारीख तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो बागबाहरा थाना घेराव किया जाएगा, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी। ताम्रध्वज बघेल के साथ मुख्य रूप से सरपंच संघ के अध्यक्ष एडिशन ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि आबकारी शाहजान पाशा, पार्षद मानता यादव, जिला उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस लोकेश उइके, मिथुन आमिर, खोमेश साहू, दुर्गेश यादव, राहुल यादव, लोकेश दीवान, निमेष क्लाइव, कृष्णा यादव आदि मौजूद रहे।

## नवाडीह जामली में युवाओं ने चलाया स्वच्छता अभियान




**महासमुंद।** माय भारत स्वच्छता ही सेवा है। स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत महासमुंद विकासखंड के ग्राम नवाडीह जामली में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें ग्राम नवाडीह जामली के माय भारत वॉलिंटियर्स युवाओं द्वारा गांव के तालाब की सफाई की गई तथा गांव के गलियों तक स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वस्छता अभियान में नीरज साहू, मुकेश साहू, टोमान यादव, नामदेव साहू, लेखराम साहू, रूपेश ध्रुव, प्रहलाद यादव, रवि शंकर यादव, धनेश्वर यादव, दिनेश यादव, सतीश ध्रुव, ईशु दीवान, घनश्याम निषाद, नमन दीवान, सत्यम ध्रुव आदि उपस्थित रहे।

## पोषण माह के अंतिम दिन स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया गया



**महासमुंद।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पिछले एक महीने से विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों पर चलाए जा रहे पोषण माह का समापन स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाकर किया गया। इस अवसर पर सामुदायिक सहभागिता से स्वच्छता और सफाई के महत्व को भी बताया गया। शहरी परियोजना अंतर्गत पंचशील वार्ड में सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र में स्वच्छता ही सेवा, जागरुकता, पोषण और स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। इस दौरान पार्षद मनीष शर्मा, यूनानी डॉ. असफाक अहमद, पर्यवेक्षक शीला प्रधान, कुंती यादव, रितु सिन्हा, कीर्ति परोहा, राजेश्वरी निषाद, दुलारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुधा रात्रे मौजूद रही।

# विधायक के जन्मदिन पर हुआ रुद्राभिषेक व हवन-पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर के बीटीआई मार्ग स्थित विधायक कार्यालय में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के जन्मदिन के अवसर पर परिसर में पार्थिव शिवलिंग का रुद्राभिषेक व हवन पूजन हुआ। कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव सहित अन्य वरिष्ठ नेतागणों के साथ भाजपा के स्थानीय वरिष्ठ नेतागण, पदाधिकारीगण, जनप्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में आमजन भी मौजूद रहे। हवन-पूजन के बाद प्रसाद वितरण व भोजन के साथ अतिथियों को रुद्राक्ष वितरण भी किया गया।

पार्थिव शिवलिंग पूजन एवं रुद्राभिषेक पश्चात वे पार्थिव शिवलिंग का रुद्राभिषेक व हवन पूजन में परिवार सहित शामिल हुए। मंत्रोच्चार के साथ हवन पूजन हुआ। प्रसाद वितरण के साथ ही आए हुए सभी अतिथियों ने भोजन भी किया। इस दौरान अतिथियों को रुद्राक्ष वितरण किया गया।

### प्रदेश अध्यक्ष ने दी बधाई एवं शुभकामनाएं

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, सांसद रूपकुमारी चौधरी, पूर्व संगठन महामंत्री रामप्रताप सिंह, विधानसभा प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही, किशोर महानंद भी शामिल हुए। विधायक कार्यालय पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष व अतिथियों का विधायक व अन्य नेताओं ने आतिशबाजी और फूल मालाओं के साथ स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव भी हवन पूजन में शामिल हुए। इस दौरान किरण सिंह देव ने बधाई देते हुए कहा कि अभी



हमारी पार्टी भाजपा का सदस्यता अभियान त्योहार चल रहा है, इसी दौरान विधायक योगेश्वर का जन्मदिन भी मनाने का मौका मिला है।

इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा, इंद्रजीत सिंह गोल्डी, चंद्रहास चंद्राकर, प्रदेश प्रवक्ता अमित साहू, जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, संदीप दीवान, सतपाल सिंह पाली, प्रकाश शर्मा, रमेश साहू, निरंजना शर्मा, अनिता रावटे, सुधा साहू, झनक लाल साहू, पवन पटेल सहित अन्य नेतागण, पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थें।

### रक्तदान शिविर का आयोजन

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के जन्मदिन के उपलक्ष्य में युवा मंच के सदस्यों द्वारा विधायक कार्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान 36 लोगों ने रक्तदान किया। इसके लिए भी विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने रक्तवीरों को धन्यवाद दिया। साथ ही कहा कि आपके द्वारा दिए गया रक्त किसी की जिंदगी बचा सकती है। आप सभी ने काफी पुण्य का काम किया है।

**काव्यांश साहित्य एवं कला पथक संस्थान के बैनर तले कार्यक्रम आयोजित**

# पोषण साहू का कविता संग्रह 'आजकल' विमोचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

काव्यांश साहित्य और कला पथक, महासमुंद के बैनर तले पोषण कुमार साहू की प्रथम कविता संग्रह 'आजकल' का रविवार शाम जिले के वरिष्ठ और नामचीन साहित्यकारों के करकमलों द्वारा विमोचन किया गया। पोषण साहू की कविता संग्रह को पुनः प्रकाशित किया गया है। आजकल में महिलाओं की संघर्ष और कहानी को बखूबी उकेरा गया है। कविता संग्रह में कुल 25 कविताएं हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित और दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर काव्यांश के पदाधिकारी, सदस्य और साहित्यकार मौजूद थे। उन्होंने आजकल पर अपने विचार व्यक्त किये। विमोचन समारोह के मुख्य अतिथि धन्यजय नेताम (संयुक्त कलेक्टर) ने अपने उदबोधन में कहा की कवि कुमार पोषण की कविता पढ़कर ऐसा लगता है कि वे संघर्ष से नवनिर्माण करना चाहते हैं।,वक्त बदल रहा है साथी, कविता ने वर्तमान हालात को बया किया है। उन्होंने कहा कि काव्यांश एक ऐसा मंच है जहाँ नवोदित साहित्यकारों को उचित स्थान और सम्मान मिलता है। उन्होंने इस कृति के लिए कवि पोषण को बधाई दी है।

इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार प्रलय थिटे ने कहा कि कवि कुमार पोषण की कविताओं में एक बड़ा सन्देश है। वे समाज के सर्वहारा लोगों के साथ है, और उनके साथ चलकर समाज को बदलना चाहते हैं। उनकी कविता युद्ध जायज है दिल को छू गया। इस अवसर पर डॉ. साधना कसार, एस चंद्रसेन, अशोक शर्मा, काव्यांश के अध्यक्ष भागवत जगत भूमिल, महासचिव जयराम पटेल पथिक, कोषाध्यक्ष डी बसंत साव साहिल, उमेश गोस्वामी, पुष्पलता भार्गव सुनंदा, टेकराम सेन सहित अन्य साहित्यकारों ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर साहित्यकारों द्वारा कविता पाठ भी




किया गया।

**कवि अहिंसात्मक अस्त्र धारण करते हुये समाज को सुधार सकता है:** प्रसिद्ध साहित्यकार और प्राचार्य डॉ. अनुसुईया अग्रवाल द्वारा कविता संग्रह पर अभिमत व्यक्त किया गया है। उन्होंने अपने अभिमत में कहा है कि पोषण कुमार साहू की प्रथम कृति है आप छत्तीसगढ़ के तरुण साहित्यकार हैं किंतु आपके संकलन की रचनाओं और विचारों में प्रौढ़ता है।

वास्तव में कवि अहिंसात्मक अस्त्र धारण करते हुए समाज को सुधार सकता हैं संकलन की प्रथम रचना में ही अकेले लड़ाई लड़ने को दृढ़ संकल्पित कवि अंतिम रचना तक पहुंचकर भी अकेले ही युद्धरत रहकर विजय घोष करता है। 'ख्वाब', 'सड़क', 'मजदूर', 'बंद', 'देखा मैंने', जैसी रचनाएं 'बेहतर' के लिये संकल्परत कवि के मन के विश्वास दीप को जलाए रखती है, संकलन की रचनाओं में विविधता है और लगभग सभी रचनाएं भाव संप्रेषण में सफल है। नारी प्रगति के भी कवि पक्षधर हैं, उस पर भी उन्होंने अपनी लेखनी चलाई है। उन्होंने कहा कि निःसंदेह यह प्रथम कृति स्वागतेय है और प्रशंसनीय भी। ईश्वर करे आपकी यह प्रथम कृति आपको उज्ज्वल यशस्विता की अधिकारिणी बनाए।

इसी तरह वरिष्ठ साहित्यकार आनंद तिवारी पौराणिक ने कविता संग्रह पर अपने विचार व्यक्त करते हुए लिखा है कि संभावनाओं की दिशा तलाशता काव्य संग्रह 'आजकल' है। उन्होंने लिखा है कि वर्तमान परिदृश्य में जहां चारों ओर अराजकता, शोषण, घुटन, सन्त्रास व असंतोष का वातावरण व्याप्त है, वहां कवि-कर्म एवं कवि-धर्म बड़ा कठिन हो जाता है, इन विषम परिस्थितियों में कवि दुरुह प्रयत्न करता है।

कार्यक्रम का संचालन बहुत ही सुंदर तरीके से श्रीमती पुष्पलता भार्गव सुनंदा ने किया। ज्ञात है कि पोषण कुमार साहू वर्तमान में जनसंपर्क विभाग, महासमुंद में सहायक संचालक के पद पर पदस्थ है। इस अवसर पर उत्तरा विदानी, युवा साहित्यकार, साहित्य प्रेमी जनता मौजूद थे।

# स्वच्छता व जागरूकता के लिए रासेयो स्वयंसेवकों ने ली शपथ




हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

डॉ. भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा में संचालित रासेयो इकाई व यूथ रेडक्रास इकाई के संयुक्त तत्वाधान में डॉ. मालती तिवारी रासेयो जिला संगठक महासमुंद के मार्गदर्शन एवं अनिता पटेल प्राचार्य के दिशा निर्देश तथा कमला बाई दीवान रासेयो कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में स्वयंसेवकों एवं महाविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत स्वच्छता के प्रति सजग रहने, हर वर्ष 100 घंटे श्रमदान करने, अपने परिवार से, मोहल्ले से सफाई अभियान चलाते हुए गांव–गांव, गली-गली स्वच्छ भारत मिशन का प्रचार करने शपथ लिया गया, जो कि स्वच्छता की ओर बढाया एक कदम भारत देश को स्वच्छ बनाने में मदद करेगा।

कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक रमेश कुमार पटेल रेडक्रास इकाई प्रभारी, जितेंद्र कुमार पटेल, गजानंद नायक, अंजेला लकड़ा, रश्मि निबरगिया ऋतुराज भोई, माधुरी प्रधान, मुकेश नाग, दुर्योधन विद्याकांत कश्यप व स्वयंसेवक धर्मेंद्र भोई, किशन नंद, जीतू साहू, सुभाष बीसी, निराकार, भूपेन, सोमेश साव, विकास राणा, सरिता वैष्णव, पुष्पा डडसेना, यशोदा साव, योगिता प्रधान, प्रीति, चंद्रिका, किरण सोना, जूली साव, लीजा, यज्ञसेनी आदि स्वयंसेवक शामिल हुए। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी करुणा सागर जाल ने दी।

# दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों ने किया पूर्व विधायक विमल का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

बीते रविवार को वन विकास निगम के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों और पदाधिकारियों ने पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ विमल चोपड़ा के झलप स्थित एनसीसी अस्पताल पहुंचकर डॉ चोपड़ा का सम्मान और आभार व्यक्त किया। बता दें कि 11 अगस्त 2024 से वन विकास निगम के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों ने अपने 9 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू किया था। स्थाईकरण, नियमित और कार्यभारित आकस्मिकता नियम लागू करने की प्रमुख मांगें थी, जिन्हें डॉ चोपड़ा की मध्यस्थता के कारण अधिकारियों ने मांगों को पूर्ण करने का आश्वासन दिया। जिसके बाद कर्मचारी संघ द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल को अभी स्थगित किया गया।

डॉ चोपड़ा ने हड़ताल स्थगित होने के एक दिन पूर्व कर्मचारियों के साथ विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह एवं पूर्व मंत्री व सांसद बृजमोहन अग्रवाल से मिलकर उनके समक्ष वन विकास निगम के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की मांगो को अवगत कराया था, तथा उनकी मांगों को पूर्ण करने के लिए अनुरोध किया था। पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ चोपड़ा ने वन विभाग के अधिकारियों को वन विकास निगम के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के समक्ष उनके मांगों



को सुनने की बात कही। मांगों को सुनने के पश्चात वन विभाग के अधिकारियों ने वन विकास निगम के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों से उनकी मांगों की समीक्षा करने और उनको पूरा करने के लिए 2 माह का समय मांगा।

वन विकास निगम के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों द्वारा पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा को शॉल, श्रीफल, भेंट कर सम्मानित किया गया। डॉ चोपड़ा ने कहा कि लोगों को निश्चित रूप से उनका हक मिलना चाहिए, हम उनके साथ हैं और आगे भी सत्यता के साथ लोगों के समस्याओं के निराकरण हेतु सबसे आगे रहेंगे। इस दौरान वन विभाग प्रदेशाध्यक्ष रामकुमार सिन्हा, छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम संघ के प्रदेशाध्यक्ष जनक लाल साहू, उपाध्यक्ष देवेंद्र ठाकुर, सचिव डीहू राम साहू, रेंज अध्यक्ष गोविंद्र, लीलाराम, उत्तम पटेल, गुलजारी, अर्जुन ध्रुव उपस्थित रहे।

## कार्यक्रम: राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़ शिक्षक रत्न सम्मान समारोह आयोजित

# छात्रों में संस्कार और संस्कृति का बोध कराने का दायित्व शिक्षक पर: चातुरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरायपाली

छत्तीसगढ़ लोकहित हरित सृजन धारा के तत्वाधान में में राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़ शिक्षक रत्न सम्मान समारोह विधायक चातुरी डिग्रीलाल नंद के मुख्य अतिथि में, जनपद पंचायत अध्यक्ष कुमारी भास्कर की अध्यक्षता में, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्र कुमार पटेल, पार्षद स्वर्ण सिंह सलूजा, रोमी सलूजा के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती एवं मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ किया गया। अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। तत्पश्चात अतिथियों के सम्मान में स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया।




मुख्य अतिथि के आसंदी से चातुरी नंद ने कहा कि गुरु के आगे हमारा मस्तक हमेशा श्रद्धा से झुक जाता है। गुरु के हृदय में हमेशा बच्चों के प्रति प्रेम उमड़ता है। बच्चों में संस्कार संस्कृति और परंपरा का बोध कराने का दायित्व आज शिक्षकों के सामने है जो सबसे बड़ी चुनौती है। छत्तीसगढ़ लोकहित हरित सृजन धारा सेवा समिति द्वारा शिक्षकों का सम्मान किया जा रहा है उसके लिए समिति साधुवाद का पात्र है। इसी संस्था ने मुझे पिछले वर्ष नारी शक्ति सम्मान से सम्मानित किया था। इस तरह के सम्मान से समाज का उत्थान होता है। चंद्र कुमार पटेल ने कहा कि गुरुओं का सम्मान करना बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है। नगर क्षेत्र में राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित करने के लिए समिति को धन्यवाद देता हूं। स्वर्ण सिंह सलूजा ने कहा कि अंचल के लिए गौरव की बात है कि राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन हो रहा है जिसमें प्रदेश के कोने-कोने से शिक्षक पहुंचे हैं। समारोह को कुमारी भास्कर एवं रोमी सलूजा ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए समिति के प्रदेश अध्यक्ष भागवत प्रसाद साहू ने समिति के उद्देश्य एवं रूपरेखा की जानकारी दी। कार्यक्रम में बस्तर, दंतेवाड़ा, सरगुजा, अंबिकापुर, रायगढ़, बिलासपुर, जांजगीर चांपा, शक्ति, सारंगढ़, बलौदाबाजार भाटापारा, रायपुर, भिलाई, दुर्ग, गरियाबंद, कबीरधाम, सुकमा सहित अन्य जिलों से 110 उत्कृष्ट शिक्षकों को छत्तीसगढ़ शिक्षक रत्न 2024 से सम्मानित करते हुए अतिथियों द्वारा स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र, एक पौधा भेंट किया गया। समारोह को सफल बनाने में छत्तीसगढ़ लोकहित हरित सृजनधारा के प्रदेश अध्यक्ष भागवत साहू, उपाध्यक्ष द्वय निर्मला साहू एवं डिजेन्द्र कुर्रे, सचिव कलेश्वर साहू, सहसचिव वेद प्रसाद पटेल, कोषाध्यक्ष धात्री नायक, सह कोषाध्यक्ष कल्पना भोई, प्रवक्ता एवं महासमुंद जिलाध्यक्ष रोहित शर्मा, मीडिया प्रभारी प्रेमचंद साव, सह मीडिया प्रभारी प्रहलाद साहू, कार्यकारिणी सदस्य कमलेश साहू, मनोज कैवर्त, मनोज साहू, सुनीता साहू, परमानंद साहू का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन भागवत साहू ने एवं आभार व्यक्त डिजेंद्र कुर्रे ने किया।

### इन शिक्षकों का किया गया सम्मान

सम्मान समारोह में सम्मानित होने वाले शिक्षकों में कमलेश साहू, डॉ पूनम सिंह साहू, सुशील प्रधान, वीरेंद्र कुमार चौधरी, डॉ विवेक दास, डॉ जगदीश साहू, लिंगराज पटेल, दीपक पांडे, लक्ष्मण नामदेव, चैतन्य साहू, अनिता महीश, अश्विनी प्रधान, शरण दास, रमाकांति दास, शिव साहू, प्रेमचंद भोई, पीताम्बर मानिकपुरी, चंद्र कुमार चन्द्रा, तुलसी प्रसाद साहू, परिणीता कश्यप, मुक्ता देवांगन, निवेदिता मंडल, हपका मुत्ता, सरोजनी साहू, बिसंभर दास, सुरेंद्र रात्रे, लक्ष्मीकांत साहू शांता देवी साहु, महादेव जायसवाल, देवकुमार सूर्यवंशी, सोना सिंह, गुलाब सिन्हा, खितेश्वर प्रधान, सरोज कंसारी, दुष्यन्त वर्मा, कृष्ण कुमार ध्रुव, अरुण देवांगन, मनीलाल पटेल, तारामती साहू, यशवंत बघेल, तानसेन वर्मा, लक्ष्मी नारायण सेन, समय लाल काठे, यदुमणि चौहान, चैतन्य साहू, नारायण साहू, उदय मालाकार, अनिता साहू, सुभाषिनी भगत, सरविंद सिदार, वीरेंद्र चौधरी, निरंजन लाल पटेल, योगिता सिदार, घनश्याम साहू, आरती ठाकुर, राजाराम साहू, रमाशंकर साहू, सीता देवी कश्यप, मिश्री लाल साहू, लखेश्वर साहू, गौतम भारती, कामिनी किरण साहू, सरिता चंद्रा, मोती साहू, होरीलाल खरे, देविका हिरवानी, ईश्वर ठाकुर, बुधेश्वर कश्यप, रश्मि जैन, भारतमाता खटकर, ओमप्रकाश साव, हरिराम साव, विजय साहू, पुष्पा साहू, दिनेश खूंटे, ममता कुर्रे, अजय नारंग, वारिश कुमार, नीलम कुमार, ईनूराम वर्मा, मनीषा सोनी, नीलांबर नायक, अंजू सलाम, सुनीता अजीत, अमित भोई, हीरासाय बरेठ, रुपलता कुर्रे, रूपनारायण ध्रुव, रुबीना बानो, गफ्फार खान, रीता पति, शंकर सिदार, रामप्यारी सिदार, आरती कलसा, बुधनी अजय, राजीव तिवारी, धनीराम नंद, लक्ष्मण पटेल, लोकनाथ तांडेय, विनोद डडसेना, उर्वशी नेताम, हेमंत खटकर, उर्मिला मिश्रा, गुणवती साहू, बृंदावती साहू, संतोषी साव, शीला बिश्वास, पीताम्बर पाठक, मदन लाल तोमर, कृष्ण कुमार नेताम शामिल हैं।

## केंवट समाज कुडेघर द्वारा नुवांखाई मिलन समारोह आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरायपाली

केंवट समाज कुडेघर द्वारा नुवाखाई मिलन समारोह एवं सम्मान समारोह सामुदायिक भवन ग्राम धानापाली में किया गया। जिसके मुख्य अतिथि केशव सेठ अध्यक्ष केवट समाज, अध्यक्षता शोभाराम कैवर्त संरक्षक, विशिष्ट अतिथि किर्तन सेठ उपाध्यक्ष, मुरली सेठ उपाध्यक्ष, कौशिक सेठ महासचिव, किशोर बाघ कोषाध्यक्ष गुरु चरण मलिक सहसचिव, भुनेश्वर पटेल सरपंच प्रतिनिधि, कमलध्वज पटेल पूर्व सरपंच, उसत सेठ उपसभापति, बीरेंद्र पांडे सचिव तोरेसिंहा क्षेत्र, त्रिलोचन विशी कार्यकारिणी सदस्य, गौतम सेठ वरिष्ठ सदस्य, अशोक कालू सचिव रोहिना क्षेत्र रहे।

सर्वप्रथम समाज के इष्ट देवी मां समलेश्वरी, श्रीराम चन्द्र के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित कर फूल फल अर्पण कर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। समस्त अतिथियों को गुल दस्ता गमछा श्री फल से स्वागत सत्कार किया गया। कार्यक्रम के बीच-बीच में समाज के बालिकाओं द्वारा मनमोहक नृत्य डांस प्रस्तुत किया गया। केंवट समाज कुडेघर जिला महासमुंद के 17 शाखा क्षेत्र है और सर्वप्रथम महिलाओं का महिला सशक्तिकरण प्रकोष्ठ शाखा धानापाली क्षेत्र में बनाया गया है। जिसके गुलाबी बेहेरा अध्यक्ष, रजनी सेठ सचिव, अंजलि सेठ कोषाध्यक्ष और कार्यकारिणी सदस्यों में पुष्पलता महालिंग, कांति साहू, हेमकांति तरिहा, बिजली तरिहा, कमला बाघ, कौशल्या कैवर्त, भूमति महालिंग, पंकजनी सेठ, संजिता पांडे चुने गए हैं। समस्त महिला सशक्तिकरण प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों को साड़ी श्रीफल एवं पुष्प गुच्छ से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केशव सेठ ने अपने संबोधन में समाज के विकास में सभी वर्गों कर्मचारियों, युवाओं, व्यापारियों, किसानों, महिलाओं के भागीदारी सुनिश्चित करने पर बल देते हुए समाज विकास कार्य में सहयोग करने के लिए अनुरोध किया गया। कार्यक्रम को संरक्षक शोभाराम कैवर्त ने भी संबोधित किया गया। कार्यक्रम का संचालन कौशिक सेठ महासचिव ने किया। आभार प्रदर्शन उपसभापति सुखदेव महालिंग ने किया। कार्यक्रम में सुखदेव महालिंग उपसभापति, सुरेश तरिहा सचिव, महेश सेठ कार्यकारिणी सदस्य, भरत सेठ, अर्जुन बाघ, जयकुमार तरिहा, सोनाधर, दुःखनाशन साहू, धनेश्वर पांडे, फूल चंद पांडे आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप




### मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलन एवं जंवारा स्थापना 3 से

**महासमुंद।** समीपस्थ ग्राम बम्हनी स्थित मां दुर्गा, महामाया एवं शीतला मंदिर में नवरात्र पर्व की तैयारी जोरशोर से जारी है। 3 अक्टूबर को मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित एवं जंवारा स्थापित किए जाएंगे। दुर्गा मंदिर के रामेश्वर पांडेय ने बताया है कि मां दुर्गा, महामाया एवं मां शीतला मंदिर में क्वांर नवरात्रि पर मनोकामना ज्योति कलश तथा जंवारा स्थापना का आयोजन प्रतिवर्ष की भांति लोककल्याण के लिए किया जाता है। नवरात्र महापर्व यहां 3 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक मनाया जाएगा। इसके लिए मंदिर के बैगा गोकुल निषाद, मोहल्लावासी एवं मंदिर समिति जुटे हुए हैं। मंदिर में पंडित महेश कुमार पांडेय द्वारा प्रतिदिन विधि विधान से पूजा पाठ एवं प्रातःकालीन एवं सांध्यकालीन सामूहिक आरती की जाएगी।



### खरोरा में नवरात्र की तैयारी जारी

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में नवरात्रि पर्व की तैयारी जारी है। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि नवदुर्गा उत्साह समिति बस्ती पारा खरोरा में नवरात्रि की तैयारी शुरू हो गई है।



### शहीद स्मारक में चलाया स्वच्छता अभियान

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

### मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त कराने आज सौपेंगे ज्ञापन

**महासमुंद।** विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल जिला महासमुंद द्वारा 30 सितंबर को बालाजी मंदिर प्रसाद के विषय व सरकार द्वारा अधिग्रहित मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त करने के विषय को लेकर राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। एकत्रीकरण का कार्य लोहिया चौक महासमुंद में सुबह 11 बजे होगा। यह जानकारी विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री धनेंद्र चंद्राकर ने दी है।



### भटगांव स्कूल में न्योता भोज का आयोजन

**महासमुंद।** सोमवार को शासकीय पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला भटगांव में छात्रों के लिए न्योता भोज का आयोजन किया गया। यह भोज स्व भुनेश्वर जगत की स्मृति में उनके पुत्र जीवन जगत द्वारा कराया गया। छात्रों को खीर, पूड़ी, केला, जलेबी, चावल दाल, सब्जी परोसा गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों के विकास पर जोर देना है। इस अवसर पर सेवक राम साहू उपसरपंच, शाला समिति के अध्यक्ष अजय दीवान, यशवंत दीवान, प्रेम कुमार यादव, प्राचार्य डीपी चंद्राकर, संकुल केंद्र समन्वयक कमल किशोर कुर्रे, प्रधान पाठक बी जोशी, गुणनिधि बघेल, के दीवान, मनीषा रामटेके, रैतू पांडे आदि मौजूद रहे।

## नशामुक्ति संकल्प एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम




**सरायपाली।** आदर्शवादी सेवा समिति बरडीह द्वारा चलाए जा रहे नशामुक्त भारत निर्माण अंतर्गत वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय के रोजगार मार्गदर्शन प्रकोष्ठ एवं नशामुक्ति अभियान प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जीवन एवं आबकारी अधिनियम संबंधित सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि स्काउट गाइड संघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश चौधरी, अध्यक्षता पीके भोई प्राचार्य स्वर्गीय राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय, विशिष्ट अतिथि अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नम्रता चौबे, युवा समाज सेवी रूपेश कुमार, प्राचार्य श्रीमती अनिता पटेल डॉक्टर भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा मौजूद रहे।

आदर्शवादी सेवा समिति के संयोजक दुखनासन प्रधान ने समिति के क्रियाकलापों की जानकारी दी। तत्पश्चात नशामुक्ति संकल्प एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ओमप्रकाश चौधरी अध्यक्ष स्काउट गाइड संघ ने कहा कि वर्तमान समय में दोनों के संयुक्त तत्वाधान में नशामुक्त भारत निर्माण अंतर्गत जो नशामुक्ति कार्यक्रम आयोजित कर महाविद्यालय के माध्यम से छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि जैसा कि हम सब को पता है नशा एक गंभीर समाजिक बुराई है। नशा एक ऐसी बुराई है, जिससे इंसान का जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। आगे उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य एवं समाज की नींव बताया।

## छत्तीसगढ़ के नागरिक इस समय बहुत मुश्किल वक्त से गुजर रहे



**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा के तीसरे दिन अंकित बागबाहरा अपने लगभग 35 साथियों के साथ पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज के साथ छत्तीसगढ़ में फैली अराजकता और भय के माहौल के खिलाफ पदयात्रा में शामिल हुए। अंकित ने बताया कि इस यात्रा में पूर्व मुख्यमंत्री ने स्पष्ट संदेश दिया कि छत्तीसगढ़ के नागरिक इस समय बहुत मुश्किल वक्त से गुजर रहे हैं। प्रदेश में फैली अराजकता, लचर कानून व्यवस्था, बढ़ते अपराध व महिला सुरक्षा को लेकर आम जनता को न्याय दिलाने के लिए प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में प्रारम्भ हुई छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा में आज आप सभी कार्यकर्ता साथियों के बीच आया हूं।

इस दौरान अंकित के साथ शफी मोहम्मद, चयन चंद्राकर, हितेश साहू, हेमलाल साहू, कंवल राम साहू, देवा नायक, प्रफुल्ल साहू, डिगेश बाघ, मिश्रा सिन्हा, पीतांबर ध्रुव, मनोज पटेल, प्रीतम पटेल, रोशन साहू, सुरेश पटेल, चंदन मार्कंडेय, चम्मन टंडन, टीकम दीवान, ललित साहू, दीनी दीवान, प्रमोद सिन्हा, मोती कमार, इंद्रा चौहान, बलराम ध्रुव, फूलसिंह सिन्हा, वाजिद खान सहित अन्य साथी उपस्थित रहे।

## सीईओ एवं बीईओ को छग टीचर्स एसोसिएशन ने मिशन क्रमोन्नति का सौंपा ज्ञापन

**सरायपाली।** समयमान, क्रमोन्नति वेतनमान के लिए विकासखंड के शिक्षकों ने अभ्यावेदन अपने नियोक्ता व उच्च अधिकारियों के नाम जमा किया। टीचर्स एसोसिएशन ने छत्तीसगढ़ शासन से शिक्षक एलबी संवर्ग को प्रथम नियुक्ति तिथि को आधार मानते हुए भूतलक्षी प्रभाव से समयमान वेतनमान, क्रमोन्नति वेतनमान प्रदान करने की मांग की है। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के विकासखंड अध्यक्ष ललित कुमार साहू ने बताया कि एसोसिएशन शुरू से ही समयमान वेतनमान, क्रमोत्रति वेतनमान के लिए संघर्ष करती रही है। वही वर्तमान में सहायक शिक्षिका सोना साहू प्रकरण में बिलासपुर हाई कोर्ट के डबल बेंच के फैसले के आधार पर सभी सहायक शिक्षक, शिक्षक तथा व्याख्याताओं को जिनकी सेवा अवधि 10 वर्ष पूर्ण हो चुकी है, उन्हें समयमान वेतनमान, क्रमोन्नति वेतनमान का लाभ के लिए अभ्यावेदन सौंपे जा रहे हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सरायपाली तथा विकासखंड शिक्षा अधिकारी सरायपाली को आवेदन सौंपने के लिए पहुंचे शिक्षक एसोसिएशन के अभी चल रहे अभियान के अंतर्गत सभी प्रदेश भर के सहायक शिक्षक, शिक्षक तथा व्याख्याता 24 से तथा 30 सितंबर तक पंचायत विभाग तथा शिक्षा विभाग कार्यालय में समयमान वेतनमान,



क्रमोन्नति वेतनमान का लाभ दिए जाने हेतु आवेदन सौंप रहे हैं। शिक्षा विभाग ने पूर्व में ही रिवाइज्ड एलपीसी जारी करने पत्र लिखा था, पंचायत, नगरीय निकाय व शिक्षा विभाग अपने अपने हिस्से की राशि समायोजित कर शिक्षक संवर्ग को उनके स्वत्वों का भुगतान करना चाहिए। अभियान में सोना साहू प्रकरण को आधार मानते हुए सभी शिक्षक साथी व्यक्तिगत रूप से अपने नियोक्ता व संबंधित विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय तथा जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में आवेदन सौंप रहे हैं। इस दौरान एसोसिएशन के सचिव कैलाश चंद्र पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष पवन यादव, धर्मेंद्र नाथ राणा, अशोक साहू, रामलाल साहू, नरेश बारीक, महेश नायक, अश्विनी बारीक, नरेश साहू, सौभाग्य भोई, यशवंत चौधरी, अरुण विशाल, देवानंद नायक, घनश्याम दास, चंदराम भास्कर, कमल बारीक सहित सदस्य गण उपस्थित रहे।

## कोसरंगी के ग्रामीणों ने की किरण सिंह देव से मुलाकात



**महासमुंद।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव, महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी एवं संभाग प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही के बागबाहरा प्रवास के दौरान ग्राम कोसरंगी में पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ विमल चोपड़ा के कोसरंगी स्थित फार्म हाउस में डॉ चोपड़ा एवं कोसरंगी के ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। प्रदेश अध्यक्ष का ग्रामीणों ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। भेंट के दौरान प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव और सांसद रूपकुमारी चौधरी ने ग्रामीणों की मांग और समस्याएं सुनी। मांग और समस्याओं को सुनने के बाद किरण सिंह देव ने निराकरण का आश्वासन दिया तथा लोगों को ज्यादा से ज्यादा भाजपा के साथ जुड़ने के लिए कहा। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष संजय शर्मा, पार्षद देवीचंद राठी, हनीश बग्गा, भरत खत्री, राकेश सचदेव, विक्की गुरुदत्ता, सुरेंद्र यादव और ग्राम कोसरंगी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### स्वेच्छानुदान राशि स्वीकृत

**महासमुंद**। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने स्वेच्छानुदान मद से नियमों को शिथिल करते हुए जिले के जरूरतमंद हितग्राही के लिए राशि स्वीकृत किए है। इनमें महासमुंद विकासखंड के ग्राम आमाकोनी, खम्हरिया के थान सिंह दीवान के लिए राशि स्वीकृत किया गया है।

### 8 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**महासमुंद**। राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने 02 मृतकों के निकटतम वारिसानों के लिए चार-चार लाख रुपए के मान से कुल 08 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इनमें विकासखंड बागबाहरा के ग्राम तेंदूकोना के मृतक श्याम लाल निषाद का पानी में डूबने से मृत्यु होने पर एवं चोरभट्टी की मृतका लच्छीनबाई ध्रुव की मृत्यु गाज गिरने से होने पर उनके निकटतम वारिसानों के लिए चार-चार लाख रुपए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### साधारण सभा की बैठक 25 अक्टूबर को

**महासमुंद**। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के आजीवन सदस्यों की सूची का प्रकाशन कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के सूचना पटल पर किया गया। उपरोक्त सूची को अद्यतन कर सूचना पटल में अंतिम रूप से प्रकाशित किया गया है। भारतीय रेडक्रॉस समिति के सचिव डॉ. पी. कुदेशिया ने बताया कि अंतिम रूप से प्रकाशित संरक्षक एवं आजीवन सदस्यों की सूची के आधार पर शुक्रवार 25 अक्टूबर 2024 को दोपहर 12 बजे साधारण सभा की बैठक जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित किया गया है। जिसमें जिला प्रबंध समिति के गठन की कार्यवाही की जाएगी। बैठक में उन्होंने समस्त संरक्षक एवं आजीवन सदस्यों को उपस्थित होने आग्रह किया है।

आयोजन : हिंदी सेवी सम्मान कार्यक्रम का भी किया गया आयोजन

# हिंदी कभी प्रयोगकर्ता के समक्ष भ्रम या संकट उत्पन्न नहीं करती: अनुसुइया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना एवं पूना कॉलेज आफ आर्ट्र्स साइंस एंड कोमर्स पुणे के संयुक्त तत्वावधान में 38 वें राष्ट्रीय संचेतना महोत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद के प्राचार्य डॉ अनुसुइया अग्रवाल शामिल हुईं। समारोह के साथ ही भारतीय भाषाओं की एकता और देवनागरी लिपिः शक्ति और संभावनाएं विषय पर राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी एवं स्वर्गीय डॉ शहाबुद्दीन शेख नियाज़ की पुण्य स्मृति पर हिंदी सेवी सम्मान कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

इस मौके पर डॉ अनुसुइया ने अपने उद्बोधन में कहा कि एक भाषा के रूप में हिंदी न सिर्फ भारत की पहचान है, अपितु हमारे जीवन मूल्यों, संस्कृति एवं संस्कारों की सच्ची संवाहक, संप्रेषक और परिचायक भी है। बहुत सरल, सहज और सुगम भाषा होने के साथ हिंदी विश्व की संभवतः सबसे वैज्ञानिक भाषा है, जिसे जैसा बोला जाता है वैसा ही लिखा जाता है। हिंदी कभी प्रयोगकर्ता के समक्ष भ्रम या संकट उत्पन्न नहीं करती। यहां अंग्रेजी की तरह पुट का उच्चारण पट और बट का उच्चारण बुट नहीं होता। यही कारण है कि हिंदी विश्व स्तर पर अत्यंत लोकप्रिय भाषा है और इसे दुनियां भर में समझने, बोलने और चाहने वाले लोग बहुत बड़ी संख्या में मौजूद हैं। इस अवसर पर प्रसिद्ध शिक्षाविद् स्व. डॉ. शहाबुद्दीन नियाज़ मोहम्मद शेख की स्मृति में घोषित हिंदी सेवी सम्मान के लिए डॉ.अनुसुइया अग्रवाल के नाम का चयन किया गया। जिसके अंतर्गत उन्हें शॉल, फल, मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र एवं राशि रुपए 5000 नकद से सम्मानित किया गया।



विदित हो कि डॉ अग्रवाल विगत तीन दशकों से हिंदी की अनवरत सेवा कर रही हैं तथा हिंदी के प्राध्यापक के रूप में विगत चार दशकों से शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद में अपनी सेवाएं दे रही हैं। वे राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना की महिला इकाई की अध्यक्ष भी हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता पुणे कॉलेज पुणे के प्राचार्य डॉ इकबाल शेख ने की। वहीं मुख्य अतिथि सावित्रीबाई फुले विश्वविद्यालय पुणे के हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ सदानंद भोसले थे।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित डॉ. शहनाज शेख राष्ट्रीय महासचिव राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना ने कहा कि हमारी देवनागरी लिपि भाषाओं को जोड़ने वाली कड़ी है। काव्य पाठ में राम की कहानी मेरी जुबानी गया। नागरी लिपि के लिए डॉ.रश्मि चौबे, गाजियाबाद, राष्ट्रीय प्रवक्ता, राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना को सम्मानित किया गया। डॉ.इकबाल शेख प्राचार्य पूना कॉलेज ने कहा कि हर वर्ष हमारे कॉलेज में हिंदी और नागरी लिपि को बढ़ावा देने हेतु कार्यक्रम किए जाएंगे।

डॉ. सुवर्णा जाधव पुणे कार्यकारी अध्यक्ष राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना ने कहा कि हिंदी में अनुवाद के कार्य को बढ़ावा देना चाहिए और काव्य पाठ में गाया। विशिष्ट वक्ता डॉ. प्रभु चौधरी कोषाध्यक्ष, डॉ. इम्तियाज आगा प्राचार्य पूना कॉलेज, डॉ. मुक्ता कान्हा कौशिक, डॉ.अरुणा शुक्ला, डॉ.रणजीत सिंह अरोरा ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम की शुरुआत हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. शाकिर शेख मुख्य समन्वयक के स्वागत भाषण से हुआ।

## छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा का राजधानी में सत्याग्रह पदयात्रा कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के प्रांतीय आह्वान पर चरणबद्ध आंदोलन के प्रथम चरण में 2 अक्टूबर गांधी जयंती के पावन अवसर पर उनके पदचिन्हों पर चलते हुए राजधानी रायपुर में प्रदेश के समस्त शिक्षक एलबी संवर्ग सत्याग्रह पदयात्रा कर मुख्यमंत्री को एकसूत्रीय मांग से अवगत कराकर शीघ्र निराकरण की मांग करेंगे।

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिला बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष नारायण चौधरी, प्रांतीय संयोजक सुधीर प्रधान एवं प्रदेश महासचिव शोभा सिंह देव ने कहा कि हमारी एकसूत्रीय मांग शिक्षकों की पूर्व सेवा की गणना कर प्रथम नियुक्ति तिथि से सही वेतन का निर्धारण कर, सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर कर/क्रमोन्नत वेतनमान का निर्धारण कर, पुरानी पेंशन निर्धारित करने एवं कुल 20 वर्ष की पूर्ण सेवा में पुरानी पेंशन प्रदान किया जावे, सभी पात्र शिक्षकों के लिए क्रमोन्नति का जनरल ऑर्डर करने के साथ लंबित मंहगाई भत्ता, देय तिथि से एरियर्स देने की मांग है जिसके लिए छ ग शिक्षक संघर्ष मोर्चा के संयुक्त बैनर में राजधानी रायपुर में सत्याग्रह पदयात्रा किया जाएगा। बैठक में इस सम्बंध में व्यापक प्रचार प्रसार कर शिक्षक संवर्ग से सत्याग्रह पदयात्रा में शत प्रतिशत उपस्थिति की अपील की गई। विकासखंडों में बैठक कर सत्याग्रह पदयात्रा को असरदार एवं निर्णायक बनाने पर चर्चा की जाएगी। जिला बैठक में प्रांतीय संयोजक सुधीर प्रधान, महासचिव शोभासिंह देव, कार्यकारी जिलाध्यक्ष सादराम अजय, लालजी साहू, नंद कुमार साहू, विजय प्रधान, ब्लॉक अध्यक्ष राजेश साहू, विनोद यादव, महेंद्र चौधरी, गजेंद्र नायक, ललित साहू, खिलावन वर्मा, सालिक राम साहू, कौशल चंद्राकर, तुलेंद्र सागर, विजय शंकर विशाल, लक्ष्मण दास मानिकपुरी, कैलाश पटेल, देवेंद्र भोई, गजानंद भोई, दानियल तांडी, वारिश कुमार, ज्योति कुमार पटेल आदि मौजूद रहे। उक्ताशय की जानकारी जिला सचिव नंदकुमार साहू एवं जिला मीडिया प्रभारी प्रदीप वर्मा ने दी है।




## फुटबाल ट्रॉफी स्पर्धा के लिए टीम रवाना

**महासमुंद**। बिलासपुर में 1 अक्टूबर को 16वीं राज्य स्तरीय नवभारत फुटबाल ट्रॉफी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इसके लिए महासमुंद की टीम रवाना हो गई है। जिसमें 19 खिलाड़ियों की एक टीम साथ गई है। टीम की रवानगी के समय प्रमुख रूप से संतोष साहू जिला सचिव फुटबॉल संघ, यतींद्र राव, राजकुमार राठौर, छन्नू साहू खेल शिक्षक, शैलेंद्र हिरवानी, विपिन शर्मा, लाल विजय सिहदेव, प्रेम वर्मा, राहुल चंद्राकर, श्रेयांश चंद्राकर, स्वप्निल चंद्राकर, दीपक आदि मौजूद रहे।

## कक्षा 1 से 5 तक तिमाही आंकलन परीक्षा प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय बालक प्राथमिक शाला तुमगांव में शिक्षा विभाग द्वारा जारी किए गए निर्देशानुसार कक्षा पहली से पांचवी तक की तिमाही आंकलन परीक्षा प्रारंभ हो गई है। इन परीक्षाओं का उद्देश्य विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर का मूल्यांकन करना और उनकी पढ़ाई में सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाना है।



शिक्षकों ने विद्यार्थियों को तनावमुक्त वातावरण में परीक्षा देने के लिए प्रोत्साहित किया। इन परीक्षाओं के परिणाम से विद्यार्थियों की प्रगति का मूल्यांकन किया जाएगा और उन्हें आगे की कक्षाओं में और बेहतर तरीके से पढ़ाई करने में सहायता मिलेगी। शिक्षकों ने कहा कि आकलन का मुख्य उद्देश्य है कि सभी विद्यार्थियों को समान अवसर मिले और उनकी शैक्षणिक उन्नति हो। साथ ही कक्षा अनुरूप विभिन्न सीखने के प्रतिफलों को प्राप्त कर सके। संस्था प्रमुख संगीता रात्रे, शिक्षक जितेंद्र कुमार साहू, शिक्षक बलराम नेताम, परीक्षा संचालन में उपस्थित रहे।




ओम शांति..श्रद्धांजलि..ओम शांति

ग्यारहवीं पुण्यतिथि




दूर चले गए सबको छोड़ के
पर लगता है हमेशा साथ खड़े हो हर मोड़ पे
कमजोर कर देते हो याद से
पर हमेशा रहोगे जिंदगी में ताकत बनके

स्व. श्री दामोदर (दिपेश) चंद्राकर
की ग्यारहवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन
अर्पित करते हुए पुण्य आत्मा की
शांति के लिए ईश्वर को प्रार्थना करते है..

-: श्रद्धांवत :-

बिमला बाई-विष्णु (माता-पिता), संतोष-रोशनी चंद्राकर (भैय्या-भाभी), राजकुमार चंद्राकर, श्रेयांश चंद्राकर (भाई), सुमन-सुरेश (दीदी-जीजा), श्रीया (बहन), दक्षित चन्द्राकर (भतीजा) प्रतिक-साक्षी (भांचा-भांची), मनोज-सुलन चंद्राकर (मौसा-मौसी), पंखुड़ी चंद्राकर (भतीजी)

विनीत :- समस्त चंद्राकर परिवार वार्ड नं. 06 लालपुर- बागबाहरा